Headline: FLORINA LAUNCH AT TDI MALL, KUNDLI

कम्प्यूटर चलाना

इंटरनैट का प्रशिक्षण भी दिया



कम्प्यूटर का प्रशिक्षण ग्रहण करते प्रिंसीपल। (पंकेश)

गोहाना, 1 दिसम्बर (पंकेश): गुरुवार को गोहाना शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कम्प्यूटर लैब में मुंडलाना शैक्षणिक खंड के स्कूलों के प्रिंसीपलों और हैडमास्टरों को कम्प्यूटर चलाना सिखाया गया जिसके साथ उनको इंटरनैट की ट्रेनिंग भी दी गई।

कम्प्यूटर और इंटरनैट का प्रशिक्षण मनजीत राणा की 5 सदस्यों की टीम ने दिया। राणा ने दावा किया कि कम्प्यूटर और इंटरनैट में पारंगत होने के बाद प्रिंसीपल और हैडमास्टर अपने स्कूलों को हाईटैक बना सकेंगे। राकेश लठवाल, सुषमा, कविता और सुनील कुमार ने स्कूलों के मुखियाओं को समझाया कि वे किस प्रकार से फाइलों को कम्प्यूटर पर बना सकते हैं और उन फाइलों को इंटरनैट से आगे उच्चाधिकारियों को भेज सकते हैं। इस प्रशिक्षण को ग्रहण करने वाले प्रमुख प्रिंसीपल कौशल्या आर्य, कलराज लठवाल, डा. जोगेंद्र आदि रहे।

शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। [illegible]

60 युवाओं ने किया रक्तदान

शिरडी साई धाम में रक्तदान शिविर आयोजित

सोनीपत, 1 दिसम्बर (त्यागी): श्री साई बाबा शिव दुर्गा चैरिटेबल सोसायटी की ओर से सोमवार को शिरडी साई धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सोसायटी प्रमुख अमिताभ नदीर ने शिविर का उद्घाटन किया। सोसायटी के सचिव रवि गांधी, पुष्पा [illegible] अर्चना नदीर, डा. मुकेश मित्तल, मनीष जैन, डा. रणबीर सिंह, [illegible] गांधी तथा कृष्णा नदीर भी शिविर में उपस्थित थे। सोसायटी के सचिव रवि गांधी ने कहा कि आज तक रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं खोजा गया है। कृत्रिम रक्त नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि साई बाबा चैरिटेबल सोसायटी समाज सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है। शिविर में 60 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

विकास न होने पर इस्तीफा देने की धमकी दी संजय बड़वासनिया ने

पिंकी खंदराई और जगबीर जौली होते संजय बड़वासनिया।

गोहाना, 1 दिसम्बर (पंकेश): सोनीपत जिला परिषद के वार्ड 13 के सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी से संबंधित जिला पार्षद संजय बड़वासनिया भी चाहते हैं कि सभी स्थानीय निकायों के चेयरमैन का चुनाव मतदाताओं द्वारा सीधे होने चाहिएं ताकि निर्वाचित पार्षदों की बोली न लग सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके वार्ड का विकास नहीं हुआ तो वह इस्तीफा दे देंगे।

बड़वासनिया वार्ड 4 की पार्षद पिंकी खंदराई और भी. रणबीर सिंह हुड्डा सेवा दल के महासचिव जगबीर जौली के साथ गोहाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि जिस तरह से पंचायत के लिए पंच के साथ सरपंच का चुनाव सीधा होता है, उसी तरह की व्यवस्था नगरपालिका, पंचायत समिति और जिला परिषद के लिए होनी चाहिए।

मतदाता अपने वार्ड का पार्षद

'विदेशी निवेश भारत को फिर से गुलामी की ओर धकेल देगा'

मनिंदरजीत सिंह बिट्टा मॉल से बाहर जाते हुए। [illegible]

सोनीपत, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): एंटी टैररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि खुदरा बाजार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत को फिर से गुलामी की ओर धकेल देगा। किसी भी मूल्य में विदेशी ताकतों की कठपुतली नहीं बनना है। हम इस तरह के किसी भी फैसले के खिलाफ हैं। बिट्टा सोनीपत में एक कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम जैसे भी हैं वैसे ही रहने दीजिए, अन्यथा फिर से गुलामी की जंजीरों में जकड़े जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस समय मनमोहन सिंह देश के वित्तमंत्री थे, उस समय मैं युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। उस समय देश व मुख्य तौर से पंजाब में आतंकवाद चरम पर था। उस दौरान मनमोहन ने आतंकवाद से समझौता किया किंतु मैं तब से ही आतंकवाद का विरोध कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अगर मनमोहन सरकार से अलग हो जाते हैं तो उस समय सरकार का क्या हश्र होगा, किसी से छिपा नहीं है।

बालीवुड बालाओं को देखने उमड़ा जनसमूह

सिने तारिका प्रीटी जिंटा व समीरा रेड्डी पहुंची फ्लोराइना के मारबल मॉल



मारबल हाउस का उद्घाटन करती प्रीटी जिंटा व समीरा रेड्डी। [illegible]

टी.डी.आई. मॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डांस प्रस्तुत करती विदेशी बालाएं। [illegible]

सोनीपत, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): कुंडली के टी.डी.आई. मॉल में फ्लोराइना कंपनी के मारबल शोरूम का उद्घाटन करने के लिए पहुंची सिने तारिका डिम्पल गर्ल प्रीटी जिंटा व समीरा रेड्डी की एक झलक पाने के लिए मॉल परिसर में सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। सिने तारिकाओं ने भी लोगों को नाराज नहीं किया और हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया।

शोरूम का उद्घाटन करने के लिए सिने तारिका प्रीटी जिंटा व समीरा रेड्डी पहुंची तो वहां पर मौजूद युवाओं की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई। बालीवुड बालाओं को देखने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ा।

संबोधन के बाद मारबल का अवलोकन करते ही प्रीटी जिंटा व समीरा रेड्डी वहां से रवाना हुई।

इस दौरान ग्रुप के वाइस चेयरमैन राहिद तनेजा, फ्लोराइना ग्रुप के चेयरमैन संजय जैन, राजीव जैन आदि ने भी संबोधित किया।